**Roll No. ..................................**

# CD-2023 (SE)

## B. Com. (Part II) EXAMINATION, 2020

**(Group—I : Accounting)**

Paper First

CORPORATE ACCOUNTING

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 25*

नोट : सभी पाँच प्रश्नों को हल कीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

इकाई—1

**(UNIT—1)**

1. भावेश लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 300000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के अधिलाभ पर जारी किया जो कि आवेदन पर ₹ 3 आबंटन पर ₹ 5 (अधिमूल्य सहित) और शेष दो माँगों पर समान राशि से देय हैं।

400000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे और सभी आवेदनों पर आनुपातिक आबंटन किया गया था। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि आबंटन पर समायोजित की गई थी। श्री मुकेश, जिसे 800



https://www.hyvonline.com

अंश आबंटित किए गए थे, दोनों माँग राशि का भुगतान करने में असफल रहा है और उसके अंशों का हरण द्वितीय माँग के पश्चात् कर लिया गया था।

भावेश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Bhavesh Limited issued 300000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share, payable at ₹ 3 on application, ₹ 5 on allotment (including premium) and the balance in two call of equal amount.

Applications were received for 400000 shares and pro-rate allotment was made to all the applicants. The excess application money was adjusted towards allotment, Shri Mukesh, who was allotted 800 shares, failed to pay both the calls and his shares were forfeited after the second cal. Record necessary journal entries in the books of Bhavesh Limited.

अथवा

(*Or*)

अम्बूजा सीमेण्ट लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 1,000, 12% ऋणपत्रों को 5% कटौती पर निर्गमित किया, जिन पर ₹ 40 आवेदन पर तथा शेष आबंटन पर देय था। जनता ने 900 ऋणपत्रों के लिए आवेदन दिए और ये सब स्वीकार कर लिए गए। ₹ 2,000 ऋणपत्र निर्गमन व्यय हुआ। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा ये मदें प्रथम वर्ष के अन्त में कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में किस प्रकार दिखाई जाएँगी ? आंशिक चिट्ठा बनाइए।

Ambuja Cement Limited issued 1000, 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% payable as ₹ 40 on application and the balance on allotment. Public applied for 900 debentures and all these were accepted. Expenses



https://www.hyvonline.com

on issue of debenture amounted to ₹ 2,000. Pass necessary Journal Entries and show how these items would appear in the Company's Balance Sheet at the end of the first year ? Prepare Partial Balance Sheet.

इकाई—2

**(UNIT—2)**

2. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कम्पनी के चिट्ठा का विस्तृत प्रारूप बनाइए। उसमें आवश्यक मदें लिखिए।

Draw a detail format of Company Balance Sheet as per Company Act, 2013. Put necessary items.

अथवा

(*Or*)

1 जनवरी, 2015 को रवि फैशन लि. का ऐच्छिक समापन हुआ। निस्तारक को सम्पत्तियों के विक्रय पर 3% तथा अंशधारियों को बाँटी गयी राशि पर 2% पारिश्रमिक मिलेगा। निस्तारक ने कम्पनी की समस्त सम्पत्तियाँ बेच दीं। 1 जनवरी, 2015 को कम्पनी की स्थिति निम्न प्रकार थी :

| | ₹ |
|---|---|
| सम्पत्तियों की बिक्री पर रोकड़ प्राप्ति | 7,00,000 |
| समापन व्यय | 12,600 |
| व्यापारिक देय (एक माह का वेतन ₹ 8,400 सहित) | 95,200 |
| 7000, 6% पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक ₹ 30 का (जिस पर एक वर्ष का लाभांश अवशिष्ट है) | 2,10,000 |
| 14000 समता अंश प्रत्येक ₹10 का प्रत्येक पर ₹ 9 याचित और भुगतान किये गये हैं | 1,26,000 |

सामान्य संचय ₹ 1,68,000; लाभ-हानि खाता ₹ 28,000।

कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशधारियों को समता अंशों की राशि भुगतान करने के बाद बची हुई राशि में से 1/3 राशि प्राप्त करने का अधिकार है। निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइए।



https://www.hyvonline.com

Ravi Fashion Ltd., went to voluntary liquidation on 1st January, 2015. The Liquidator is to be paid remuneration at 3% on the amount realized on sale of assets and 2% on account distributed to shareholders. The liquidator sold out all the assets of the company. On January 1, 2015, Company's position was as under :

| | ₹ |
|---|---|
| Cash realized on Sales of Assets | 7,00,000 |
| Liquidation Expenses | 12,600 |
| Trade Payable (Including Salaries for one month ₹ 8,400). | 95,200 |
| 7000, 6% Preference Shares of ₹ 30 each (on which is in arrear for one year) | 2,10,000 |
| 14000 Equity Shares of ₹ 10 each ₹ 9 per Share called and paid. | 1,26,000 |

General Reserve ₹ 1,68,000; P & L A/c ₹ 28,000.

Under Article of Association of the Company the Preference Shareholders have a right to receive 1/3rd of the surplus remaining after repaying the Equity Share Capital. Prepare Liquidator's Final Statement of Account.

## इकाई—3

## (UNIT—3)

3. A लि. का संविलयन B लि. ने किया है और क्रय-मूल्य निर्धारित करने के लिए A लि. के व्यवसाय की ख्याति का मूल्यांकन करना आवश्यक है। दोनों कम्पनियों ने अधिलाभ के तिगुने पर ख्याति के मूल्यांकन करने पर सहमति दे दी है। आवश्यक समायोजन के बाद गत पाँच वर्षों के लाभों का औसत शुद्ध लाभ निकाला जायेगा।



https://www.hyvonline.com

आय पर 40% आयकर लगाने के पूर्व A लि. के गत पाँच वर्षों के लाभ निम्न प्रकार हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| 2010 | 50,000 |
| 2011 | 65,000 |
| 2012 | 45,000 |
| 2013 | 55,000 |
| 2014 | 75,000 |

A लि. के तीन संचालकों की सेवाएँ भविष्य में ली जायेंगी। इनका पारिश्रमिक ₹ 5,000 प्रति वर्ष होगा और इस समय भी इनका यही पारिश्रमिक है। इस पारिश्रमिक का प्रयोग लाभ निकालने के लिए कभी नहीं किया गया है। औसत नियोजित पूँजी ₹ 1,80,000 है। A लि. के व्यवसाय की तरह व्यवसाय करने वाली कम्पनी की सामान्य आय 10% है। उपर्युक्त सूचना के आधार पर ख्याति की राशि निकालिए।

A Ltd. is to be absorbed by the B Ltd. and in order to decide upon the purchase consideration, it is necessary, among other things to value the goodwill attaching to the business of A Ltd. The two companies agree that the basis of the calculation of goodwill shall be three years purchase of the average annual superprofits, the net profit being averaged over five years and subject to whatever adjustment you, as the Accountant making the valuation, consider necessary.



https://www.hyvonline.com

The Profit of the A Ltd. for the last five years (before charging Income-Tax @ 40% on income) are as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| 2010 | 50,000 |
| 2011 | 65,000 |
| 2012 | 45,000 |
| 2013 | 55,000 |
| 2014 | 75,000 |

The directors of A Ltd. (three in numbers will be appointed to the Board of B Ltd.) on absorption and it is considered that their services have been (and will be in the future) worth ₹ 5,000 each annum. There has never been made any charge against the profits of A Ltd. for such services. The average capital invested in net tangible assets over the period is ₹ 1,80,000 and it is considered that the return to expected from the particular type of business carried on by A Ltd. is 10%. Calculate the Goodwill of A Ltd. based on the above information.

अथवा

(*Or*)

अंशों के मूल्यांकन से क्या आशय है ? अंशों के मूल्य कितने प्रकार के होते हैं ? उन घटकों को बताइए जो अंशों के मूल्य को प्रभावित करते हैं।

What do you mean by Valuation of Shares ? What are the types of value of shares ? Describe those factors which affect value of shares.



https://www.hyvonline.com

इकाई—4

**(UNIT—4)**

4. हस्तान्तरक और हस्तान्तरी कम्पनी किसे कहते हैं ? हस्तान्तरक और हस्तान्तरी कम्पनी की पुस्तकों में कौन-सी प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

What is transferor and transferee company ? What accounting entries are made in the books of transferor company and transferee company ?

अथवा

(*Or*)

कम्पनी के बाह्य पुनर्निर्माण से क्या आशय है ? बाह्य पुनर्निर्माण के क्या उद्देश्य होते हैं ? आन्तरिक व बाह्य पुनर्निर्माण में अन्तर बताइए।

What do you mean by External Reconstruction of Company ? What are the objectives of External Reconstruction ? Distinguish between Internal and External reconstruction.

इकाई—5

**(UNIT—5)**

5. एच. लिमिटेड व एस. लिमिटेड के आर्थिक चिट्ठे निम्नलिखित हैं :

आर्थिक चिट्ठा (31 मार्च, 2014 को)

| | एच. लिमिटेड (₹) | एस. लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|
| **I.** समता एवं दायित्व : | | |
| अंशधारी कोष : | | |
| अंश पूँजी : | | |
| अंश ₹ 10 वाले पूर्णदत्त | 1,20,000 | 50,000 |



https://www.hyvonline.com

| | | |
|---|---|---|
| संचय एवं अतिरेक : | | |
| संचय | 50,000 | 10,000 |
| लाभ-हानि विवरण | 20,000 | 10,000 |
| चल सम्पत्तियाँ : | | |
| व्यापारिक देय : | | |
| लेनदार | 70,000 | 5,000 |
| देय बिल | 5,000 | 5,000 |
| | 2,65,000 | 80,000 |
| **II.** सम्पत्तियाँ : | | |
| अचल सम्पत्तियाँ : | | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ : | | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | 1,00,000 | 20,000 |
| एस. लिमिटेड में विनियोग | | |
| (₹ 5,000) | 65,000 | — |
| चल सम्पत्तियाँ : | | |
| व्यापारिक प्राप्त | 50,000 | 30,000 |
| स्कंध | 50,000 | 30,000 |
| | 2,65,000 | 80,000 |

एच. लिमिटेड द्वारा 30 सितम्बर, 2013 को अंश प्राप्त किये गये थे। एस. लिमिटेड ने 31 मार्च, 2014 को लाभ में से ₹ 5,000 संचय में हस्तान्तरित किए थे। सम्मिलित आर्थिक चिट्ठा बनाइए।



https://www.hyvonline.com

The following are the Balance Sheets of H Ltd. and S Ltd :

**Balance Sheets (as on 31st March, 2014)**

| | **H Ltd. (₹)** | **S Ltd. (₹)** |
|---|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | | |
| Shareholder's Funds : | | |
| Share Capital : | | |
| In ₹ 10 fully paid share | 1,20,000 | 50,000 |
| Reserve and Surplus : | | |
| Reserve | 50,000 | 10,000 |
| Statement of P & L Surplus | 20,000 | 10,000 |
| Current liabilities : | | |
| Trade Payables : | | |
| Creditors | 70,000 | 5,000 |
| Bills Payable | 5,000 | 5,000 |
| | 2,65,000 | 80,000 |
| **II. Assets :** | | |
| Non-current assets : | | |
| Fixed assets : | | |
| Tangible assets : | | |
| Land and Building | 1,00,000 | 20,000 |
| Investment in S Ltd. (₹ 5,000) | 65,000 | — |
| Current Assets : | | |
| Trade Receivables | 50,000 | 30,000 |
| Inventories | 50,000 | 30,000 |
| | 2,65,000 | 80,000 |



https://www.hyvonline.com

Shares were acquired by H Ltd. on 30th September, 2013. S Ltd. transferred ₹ 5,000 from profits to reserve on 31st March, 2014. Prepare the Consoliadated Balance Sheet.

अथवा

(*Or*)

(अ) भारतीय बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 के अनुसार एक बैंकिंग कम्पनी के लाभ-हानि खाते का प्रारूप बनाइए।

Draw a format of Profit & Loss Account of a banking company under Indian Banking Regulation Act, 1949.

(ब) चिट्ठे में अनुसूची I पूँजी में वर्णित विभिन्न मदों को बताइए।

Describe the various heads in capital head under Schedule I in Balance Sheet.

**6,500**



https://www.hyvonline.com